दिनांक 03.06.2026 को अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), जल संसाधन विभाग, पटना की अध्यक्षता में रू0 50 करोड़ से अधिक राशि की परियोजनाओं के समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही ।

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण एवं संवेदक की सूची परिशिष्ट–1 में संलग्न।**

**मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान प्रक्षेत्र**

1. **पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली (सारण मुख्य नहर एवं इसकी वितरण प्रणाली) के पुनर्स्थापन (ई0आर0एम0) योजना अन्तर्गत सभी नौ ग्रुपों के कार्यों की समीक्षा की गई :–**

गोपालगज, सिवान एवं सारण जिलान्तर्गत 1.58 लाख हे० सिंचाई क्षमता का सृजन एवं 1.47 लाख हे0 सिचाई क्षमता के पुनर्स्थापन हेतु पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के पुनर्स्थापन (ई0आर0एम0) हेतु वर्ष 2014 में राज्य मद अन्तर्गत रू0 2061.8288 करोड़ की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी।

इस योजना का कार्यान्वयन 09 अदद ग्रुपों में विभक्त कर वर्ष 2014–15 में प्रारंभ किया गया। वर्तमान में इस योजना की समेकित भौतिक प्रगति 68.00 प्रतिशत है। सिंचाई क्षमता के पुनर्स्थापन हेतु निर्धारित लक्ष्य 1.47 लाख हे० के विरूद्ध 1.005 लाख हे० का पुनर्स्थापन एवं सिंचाई क्षमता के सृजन हेतु निर्धारित लक्ष्य 1.50 लाख हे० के विरुद्ध 0.753 लाख हे0 का सृजन की उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है।

विषयक योजना की ग्रुपवार समीक्षा की गयी, जिसमें प्रत्येक ग्रुप के नोडल कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्य की प्रगति के संबंध में बताया गया, जो निम्नवत् है :–

| ग्रुप सं0 | संवेदक | प्रमंडल जिसके अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है | कार्य का नोडल प्रमंडल | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि | कार्य की लागत राशि (करोड़ में) | भौतिक प्रगति (प्रतिशत में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | M/S RKS Engicon Pvt. Ltd | सारण नहर प्रमंडल, भोरे/गोपालगंज | सारण नहर प्रमंडल, भोरे | 13.02.2026 | 156.2 | 34.94 | |
| 02 (ग्रुप सं0–07 सहित) | M/S Baibhav Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज/भोरे<br>सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा | सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज | 31.05.2026 | 349.09 | 49.76 | |
| 03 | M/S Baibhav Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, मैरवा | सारण नहर प्रमंडल, मैरवा | 31.05.2026 | 157.61 | 83.14 | |
| 04 | M/S Sri Ram Enterprises | सारण नहर प्रमंडल, सिवान/भोरे | सारण नहर प्रमंडल, सिवान | 05.01.2026 | 288.13 | 29.44 | |
| 05 | M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, एकमा/महाराजगंज/छपरा | सारण नहर प्रमंडल, एकमा | 31.05.2026 | 337.70 | 87.01 | |
| 06 | M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, छपरा/महाराजगंज/एकमा | सारण नहर प्रमंडल, छपरा | 31.05.2026 | 323.70 | 89.42 | |
| 08 | M/S Patel Engg. | सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज/सिवान/मढ़ौरा | सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज | 31.05.2026 | 245.42 | 92.11 | |

| ग्रुप सं0 | संवेदक | प्रमंडल जिसके अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है | कार्य का नोडल प्रमंडल | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि | कार्य की लागत राशि (करोड़ में) | भौतिक प्रगति (प्रतिशत में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, मैरवा | सारण नहर प्रमंडल, मैरवा | 31.03.2027 | 158.52 | 46.34 | |

उपर्युक्त सभी कार्यों के ग्रुपवार समीक्षा के क्रम में यह संज्ञान में आया कि आगामी पक्ष हेतु निर्धारित किये गए पाक्षिक प्रगति लक्ष्य वर्तमान पक्ष के दौरान प्राप्त किया गया प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष नहीं है। इस संबंध में पूर्व के बैठक में निदेश दिया गया था कि क्षेत्रीय अभियंता एवं संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि ससमय गुणवता एवं विशिष्टि सहित कार्य पूर्ण करने हेतु समानुपातिक प्रगति लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य संपादित कराना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान पाया गया कि पूर्व में दिए गए निदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जिससे अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। साथ ही उपर्युक्त निदेश का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

- निर्धारित लक्ष्य एवं ओ०आई०एस० के अनुरूप प्रगति प्राप्त नहीं करने की स्थिति में एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में संवेदक पर कारवाई करने का निदेश दिया गया।
- विषयक योजना अन्तर्गत होने वाले विचलन के संबंध में नियमानुकूल ससमय कार्रवाई सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है।
- मुख्य अभियंता द्वारा कतिपय समयवृद्धि प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराया गया है जिसके अवलोकन के क्रम में पाया गया है कि उपलब्ध कराए गए प्रस्ताव पर मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के स्तर से समुचित समीक्षा का अभाव है जिसके कारण कार्य से सम्बंधित समयवृद्धि प्रस्ताव मुख्य अभियंता द्वारा समीक्षोपरांत सुसंगत अभिलेखों के साथ विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।
- वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल विस्थापन से संबंधित कार्यों के संबंध में नियमानुकूल अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया। ताकि कार्य की प्रगति बाधित न हो।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा/सिवान/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे/गोपालगंज/एकमा/महाराजगंज/छपरा/मढ़ौरा/सिवान)**

2. **सारण मुख्य नहर के कि0मी0 0.00 से 17.00 तक का पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्य की समीक्षा की गई :–**

यह कार्य सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज अन्तर्गत है। क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा बताया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 98.50 % है। कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 14.06.2026 है। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि यह कार्य 10.06.2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। विभागीय पदाधिकारियों द्वारा संबंधित क्षेत्रीय अभियंताओं एवं संवेदक को यह निदेश दिया गया कि कार्य पूर्ण होने पर है एवं जून माह में माननीय प्रधानमन्त्री महोदय के संभावित बिहार दौरे के दौरान उपर्युक्त योजना के उदघाटन का कार्यक्रम संभावित है अतएव सभी अवयवों एवं कार्यों को विशिष्टि एवं गुणवत्ता के साथ finishing प्रदान करते हुये पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज)**

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, पटना।

ज्ञापांकः— मो0 2 सिवान 40/2026— 1215 /पटना, दिनांक : 15-06-2026

प्रतिलिपिः— मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/छपरा तथा कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे/छपरा/महाराजगंज/एकमा/मढ़ौरा/मैरवा/गोपालगंज/सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान अपने स्तर से सभी संबंधित संवेदक को बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

15/6/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,

ज्ञापांकः— मो0 2 सिवान 40/2026— 1215 /पटना, दिनांक : 15-06-2026

प्रतिलिपिः— सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

15/6/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,

ज्ञापांकः— मो0 2 सिवान 40/2026— 1215 /पटना, दिनांक : 15-06-2026

प्रतिलिपिः— माननीय उपमुख्य (जल संसाधन विभाग) मंत्री, के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

15/6/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,

ज्ञापांकः— मो0 2 सिवान 40/2026— 1215 /पटना, दिनांक : 15-06-2026

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई तथा विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

15/6/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,

परिशिष्ट–1 :–

मुख्यालय स्तर से :–

1. ई0 ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), जल संसाधन विभाग, पटना।
2. ई0 धर्मेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. ई0 प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना।
4. ई0 प्रफुल्ल कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–7, पटना।
5. ई0 इन्द्रजीत कुमार, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02।
6. ई0 नीरज कुमार सिंह, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02।

क्षेत्रीय स्तर से (ऑनलाईन) :–

1. ई0 अनिल कुमार, अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान ।
2. ई0 मो0 इमरान अहमद, अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा।
3. संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज/मैरवा/भोरे/सिवान/मढ़ौरा/महाराजगंज/एकमा/छपरा।
4. संबंधित संवेदक/संवेदक के प्रतिनिधि, R.K.S Engicon Pvt. Ltd./ M/S Baibhav Pvt. Ltd./ M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd./ Patel Engg./ Sri Ram Enterprises